महामंत्र जोई जपत महेशू। काशी मुकुती हेतु उपदेशू।।
मन्त्र महामनि विषय व्याल के। मेटत कठिन कुअंक भाल के।।
|| Ram Katha 960 - मानस महामंत्र || Davos ( Switzerland) || मोरारी बापू ||

सांध्य दैनिक
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 12 | इंदौर, गुरुवार 24 जुलाई, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## अनिल अंबानी से जुड़ी कंपनियों पर ED के छापे, मुंबई में चल रही है कार्रवाई



**मुंबई, (एजेंसी)** कारोबारी अनिल अंबानी की कंपनियों पर प्रवर्तन निदेशालय (ED) छापेमारी कर रही है. ये छापेमारी अनिल अंबानी ग्रुप की कंपनियों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामलों में मुंबई में की जा रही है. ये कार्रवाई नेशनल हाउसिंग बैंक, सेबी, नेशनल फाइनेंशियल रिपोर्टिंग अथॉरिटी (NFRA), बैंक ऑफ बड़ौदा और सीबीआई की दो एफआईआर के आधार पर की गई. अनिल अंबानी से जुड़ी कंपनियों के कई वरिष्ठ अधिकारियों के परिसरों में भी तलाशी ली जा रही है.

ईडी को जांच में इस बात के सबूत मिले हैं कि यह सार्वजनिक धन की हेराफेरी के लिए रची गई एक सुनियोजित साजिश थी. इसमें कई संस्थानों, बैंकों, शेयरधारकों और निवेशकों को ठगा गया. घूसखोरी के एंगल से भी जांच की जा रही है, जिसमें यस बैंक के प्रमोटर्स भी संदेहास्पद हैं. साल 2017 से 2019 के बीच यस बैंक से लिए गए करीब 3,000 करोड़ रुपये के ऋण की अवैध तरीके से हेराफेरी और दुरुपयोग का शक है.

### अनिल अंबानी क्यों घोषित किए गए फ्रॉड?

इससे पहले स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने हाल ही में अनिल अंबानी को फ्रॉड घोषित किया था. इस महीने की शुरुआत में अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशन के लोन अकाउंट को SBI से बड़ा झटका मिला था. SBI ने कंपनी को दिसंबर 2023, मार्च 2024 और सितंबर 2024 में कारण बताओ नोटिस भेजा था. कंपनी के जवाब की समीक्षा करने के बाद बैंक ने कहा था कि अनिल अंबानी की कंपनी ने अपने लोन की शर्तों का पालन नहीं किया और अपने अकाउंट्स के संचालन में अनियमितताओं के बारे में पूरी जानकारी नहीं दी.

## SC: बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक, 2006 ट्रेन धमाके के आरोपियों को मिली थी राहत

# 400 करोड़ के निवेश से 1500 युवाओं को मिलेगा रोजगार

## सीएम पांच इकाइयों का आज करेंगे भूमिपूजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 24 जुलाई को भोपाल के अचारपुरा में 406 करोड़ के निवेश वाली 5 औद्योगिक इकाइयों का भूमि-पूजन करेंगे। साथ ही 8 उद्योगों के निवेशकों को भूमि आवंटन के आशय-पत्र भी सौंपेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत अचारपुरा स्थित गोकलदास एक्सपोर्ट्स की गारमेंट यूनिट के भ्रमण से होगी, जहां लगभग 2500 महिलाएं कार्यरत हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यरत महिला श्रमिकों से संवाद करेंगे और इकाई में हो रहे उत्पादन कार्यों का अवलोकन करेंगे। यह इकाई न केवल औद्योगिक गतिविधियों बल्कि महिला सशक्तिकरण का भी एक सफल उदाहरण बनकर उभरी है।

### टेक्सटाइल, फार्मा और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर को मिलेगा विस्तार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव टेक्सटाइल, फार्मा और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर से जुड़ी 5 प्रमुख इकाइयों का भूमि -पूजन करेंगे। इसमें इंडो एकॉर्ड अप्पैरल्स द्वारा 125 करोड़ रूपये के निवेश से 500 रोजगार, एसेड्स



प्रा. लि. द्वारा 106 करोड़ रूपये के निवेश से 100 रोजगार, सिनाई हेल्थकेयर द्वारा 100 करोड़ रूपये से 200 रोजगार, समर्थ एग्रीटेक द्वारा 50 करोड़ रूपये से 200 रोजगार और गोकलदास एक्सपोर्ट्स द्वारा 25 करोड़ रूपये के निवेश से 500 रोजगार के अवसर सृजित होंगे। ये सभी 5 इकाइयां 12.88 हेक्टेयर क्षेत्रफल में स्थापित होगी, जिसमें 406 करोड़ रूपये का निवेश और 1500 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा।

### विशेष औद्योगिक केंद्र के रूप में उभरेगा अचारपुरा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव अचारपुरा में 31.21 हेक्टेयर भूमि पर विकसित की जा रही नई औद्योगिक परियोजना का भूमि-पूजन भी करेंगे। यह परियोजना लगभग 15.61 करोड़ रूपये से विकसित की जाएगी, जिससे भविष्य में 800 करोड़ रूपये तक के निवेश आकर्षित होने की संभावना है और 1000 से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इस क्षेत्र को विशेष रूप से टेक्सटाइल और फार्मा सेक्टर के लिए विकसित किया जा रहा है।

**8 नई इकाइयों को सौंपे जाएंगे भूमि आवंटन के आशय-पत्र-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में महालक्ष्मी दाल उद्योग, जियो फिल्टेक, प्रवाह एंटरप्राइजेज, योगी इंडस्ट्रीज, अजमेरा इंडस्ट्रीज, सामवी एंटरप्राइजेज और बैग क्रिएशन इंडिया इकाइयों को औद्योगिक भूखंड आवंटन के आशय पत्र भी सौंपेंगे। ये 8 इकाइयां 12494.5 वर्ग मीटर भूमि पर 1770 लाख रूपये का निवेश करेंगी और 186 से अधिक रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी।

# भोपाल में ड्रग्स और दरिंदगी का खुलासा, भाजपा नेता के भतीजे गिरफ्तार, फोन में मिले दरिंदगी के वीडियो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**भोपाल, एजेंसी। भोपाल में क्राइम ब्रांच ने भाजपा नेता शरीफ मछली के भाई शाहवर मछली और भतीजे याशीन अहमद को एमडी ड्रग्स की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। याशीन के मोबाइल से दर्जनों आपत्तिजनक वीडियो मिले हैं, जिनमें युवकों को निर्वस्त्र कर पीटा जा रहा है और युवतियों के साथ दरिंदगी के दृश्य हैं।**

भोपाल में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शरीफ मछली का भाई शाहवर मछली और भतीजा याशीन अहमद एमडी ड्रग्स तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किए गए हैं। भोपाल क्राइम ब्रांच ने शाही दरबार के पास से घेराबंदी कर दोनों को पकड़ा। याशीन के पास से एमडी ड्रग्स के साथ अवैध पिस्टल भी जब्त की गई है। आरोपियों की दो कारें और एक स्कूटर भी जब्त की गई हैं, जिनका उपयोग ड्रग्स तस्करी में किया जा रहा था।

### ड्रग्स से लव जिहाद तक की साजिशें

पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि याशीन और शाहवर मछली मुंबई से एमडी ड्रग्स भोपाल लाकर युवाओं और कॉलेज छात्राओं को निशाना बनाते थे। पहले से पकड़े गए आरोपियों सैफुद्दीन और आशु उर्फ शाहरुख की पूछताछ में याशीन का नाम सामने आया। इनका नेटवर्क युवतियों को नशे का आदी बनाकर उन्हें नियमित ग्राहक में तब्दील करता था।

### मोबाइल से मिले शर्मनाक वीडियो

याशीन के मोबाइल से एक दर्जन से अधिक वीडियो बरामद किए गए हैं, जिनमें वह और उसके साथी युवकों को निर्वस्त्र कर पीटते और युवतियों के साथ दरिंदगी करते नजर आ रहे हैं। पीड़ित युवतियों में कई अन्य धर्म की बताई जा रही हैं, जिससे लव जिहाद का एंगल भी सामने आ रहा है। पुलिस को आशंका है कि युवतियों को नशे की लत देकर उनका यौन शोषण किया गया।

### लव जिहाद मामले से पहले भी जुड़ चुका है नाम

शारिक मछली और शरीफ मछली का नाम पहले भी लव जिहाद के मुख्य आरोपी फरहान को संरक्षण देने के आरोपों में चर्चा में आ चुका है। हालांकि बाद में शारिक मछली ने वीडियो जारी कर इन आरोपों से इंकार किया था। हाल ही में जिला प्रशासन ने उनके भाई सौहेल मछली के अवैध शॉपिंग कॉम्प्लेक्स पर बुलडोजर चलाया था, जिससे लगभग 5 करोड़ की शासकीय भूमि मुक्त कराई गई।

### पीड़ितों से पुलिस ने की अपील

भोपाल क्राइम ब्रांच के एडीसीपी शैलेन्द्र सिंह भदौरिया ने वीडियो जारी कर कहा है कि याशीन और उसके गिरोह द्वारा यदि किसी भी महिला, युवती या युवक को शारीरिक, मानसिक शोषण या मारपीट का शिकार बनाया गया है, तो वे बिना किसी डर के पुलिस से शिकायत करें। सभी शिकायतों पर पुलिस गंभीरता से कार्रवाई करेगी।

# 25 करोड़ की जमीन अतिक्रमण से मुक्त कराई

## 12 हजार वर्गफीट पर बनी 11 दुकानें ध्वस्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। बुधवार को ग्राम पिपल्या कुमार स्थित भूमि खसरा क्रमांक 294 में अतिक्रमण कर बनाई गई 11 दुकानों को ध्वस्त कर दिया गया। इस कार्रवाई में 12 हजार वर्गफीट शासकीय जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई गई। इसका बाजार मूल्य 25 करोड़ रुपए से अधिक है।**



कलेक्टर आशीष सिंह ने अमजद पिता रहमत पटेल द्वारा कब्जे में ली गई जमीन की जांच के आदेश एसडीएम प्रदीप सोनी को दिए थे। सोनी ने मौके पर पहुंचकर जमीन का सीमांकन किया तो वहां पटेल का कब्जा मिला। पटेल ने 12 हजार वर्गफीट जमीन पर कब्जा किया था। यहां पटेल ने 11 दुकानें बनाकर किराए पर दे दी थी। सोनी ने अपनी रिपोर्ट में इन तथ्यों को शामिल किया। इसके बाद बुधवार को प्रशासनिक अमले की मौजूदगी में नगर निगम के रिमूवल अमले ने इस जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। दरअसल यह कार्रवाई पटेल द्वारा पीएम मोदी को अपशब्द कहने के वायरल वीडियो के बाद की गई गई। सोनी ने बताया कि ग्राम पिपल्याकुमार स्थित भूमि खसरा क्रमांक 294 शासकीय भूमि के रूप में राजस्व अभिलेखों में दर्ज पाई गई। उक्त भूमि पर अमजद पिता रहमत अली पटेल निवासी खजराना इंदौर द्वारा 11 दुकानों का निर्माण कर अतिक्रमण किया जाना पाया गया। जांच के बाद तहसीलदार कोर्ट ने बेदखली आदेश जारी किया था। पटेल पर एक लाख रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। सोनी ने बताया कि 25 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की 12 हजार वर्गफीट इस जमीन को सुरक्षित करने के लिए फैंसिंग भी की जाएगी।

# स्टूडेंट्स को काउंसलिंग में शामिल होने की अस्थायी अनुमति नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। NEET-UG 2025 की 4 मई को हुई परीक्षा में बिजली कटौती का शिकार हुए स्टूडेंट्स को सुप्रीम कोर्ट ने काउंसलिंग में शामिल होने की अस्थायी अनुमति देने से इनकार कर दिया है। बुधवार (23 जुलाई) को जस्टिस पीएस नरसिम्हा और एएस चंदुरकर की बेंच ने याचिका पर सुनवाई की।**

याचिकाकर्ता स्टूडेंट नव्या नायक और एस साई प्रिया के वकील ने कहा कि काउंसलिंग के लिए एक अधिसूचना जारी की गई है। इसमें बिजली कटौती प्रभावित स्टूडेंट्स को भी भाग लेने के लिए अस्थायी अनुमति मिलनी चाहिए, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने अनुमति देने से इनकार कर दिया। याचिका पर अब शुक्रवार को सुनवाई होगी। साथ ही 51 अन्य स्टूडेंट्स की याचिका पर भी इसी दिन सुनवाई होगी। NEET UG के एग्जाम के दौरान बिजली गुल होने के मामले में 14 जुलाई को एमपी हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने 75 से ज्यादा प्रभावित स्टूडेंट्स की दोबारा परीक्षा कराने संबंधी याचिकाएं खारिज कर दीं थी। हाईकोर्ट ने परीक्षा कराने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी NTA की रिट अपील मंजूर करते हुए अपना फैसला सुनाया था।

# शहरभर में सफाई मित्रों का सम्मान

## इंदौरी पहल सभी के मन में समाई



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** देश दुनिया में इंदौर का नाम सुपर से ऊपर करने वाले सफाई मित्रों का शहरभर में सम्मान हो रहा है। इंदौरियों की सतवीनता से सफाई मित्र भी भावभर नजर आ रहे हैं। इंदौर को सफाई में सुपर से ऊपर ले जाने में सर्वाधिक योगदान यहां के सफाई मित्रों को जाता है। इन्दौर नगर निगम के सफाईकर्मियों एवं इन्दौर की जनता के सहयोग से देश में स्वच्छता में 8वीं बार प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। जेलरोड़ लाल रेडियो के गली में मयूर व्यास के नेतृत्व में रहवासियों द्वारा सफाईकर्मियों का मिठाई खिलाकर व हार पहनाकर सम्मान किया और बधाई दी। इस अवसर पर श्री मेहता, पार्षद सुरेश टाकलकर वार्ड 57, दाऊलाल व्यास, गोपाल यादव पहलवान (विक्रम अवार्ड), विशाल शर्मा, हर्षवर्द्धन व्यास, उमेश जरिया, रमेश शर्मा, कुलदीप यादव, सुधीर व्यास, एडवोकेट पुरूषोत्तमजी, राकेश कुशवाह, पहलवान शांतनु यादव, गौरव व्यास, एडवोकेट संजय यादव, डम्पी पठारे, दीपक मित्तल, कुलदीप खत्री, ओम यादव, मयूर व्यास, चंद्रप्रकाश तिवारी व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। इस अवसर पर सफाई मित्र आत्मीय स्वागत से भावविभोर नजर आए और उन्होंने दिल से खुशी जाहिर की। सम्मान के समय बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी एक दूसरे को बधाइयां दे रहे थे।

# गुजरात के व्यापारी का 4.80 करोड़ का सोना लेकर ड्राइवर फरार

## शेविंग कराकर लौटा, तो गायब था ड्राइवर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** छत्रीपुरा इलाके में एक होटल के बाहर से गुजरात के व्यापारी का करोड़ों का सोना लेकर उनका ड्राइवर फरार हो गया। घटना के करीब 12 दिन बाद मंगलवार को क्राइम ब्रांच ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। देर रात आरोपी की तलाश में शहर और आसपास के इलाकों में छापे मारे गए।

गुजरात के अहमदाबाद निवासी व्यापारी धर्मेंद्र भाई ने इंदौर क्राइम ब्रांच में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनका ड्राइवर मसरू रबारी निवासी बनासकांठा (गुजरात) 4 किलो 800 ग्राम सोना लेकर फरार हो गया है। व्यापारी की अहमदाबाद में 'अंकित गोल्ड ज्वेलरी' नाम से दुकान है। चोरी हुए सोने की कीमत 4 करोड़ 80 लाख रुपए बताई जा रही है। धर्मेंद्र भाई ने बताया कि 8 जुलाई को उनके कर्मचारी सौरभ ने ड्राइवर मसरू रबारी के साथ कार में जेवर



लेकर अहमदाबाद से इंदौर के लिए सफर शुरू किया। उन्हें इंदौर के सोना-चांदी व्यापारियों को जेवर दिखाने थे। सौरभ ने रास्ते में लुनावाड़ा और संतरामपुर में व्यापारियों को माल दिखाया और फिर झाबुआ होते हुए देर शाम इंदौर पहुंचे। इंदौर में गंगवाल बस स्टैंड के पास स्थित होटल शिवानी में रात रुकने का फैसला किया गया। कीमती जेवर होने के कारण ड्राइवर को गाड़ी के पास ही रुकने को कहा गया, जबकि कर्मचारी सौरभ शेविंग के लिए चला गया। लौटकर आने पर देखा कि ड्राइवर गायब है। कॉल करने पर ड्राइवर का मोबाइल बंद मिला। ड्राइवर के गायब होने की सूचना कर्मचारी सौरभ ने तुरंत मालिक धर्मेंद्र भाई को दी। इसके बाद व्यापारी ने स्थानीय पुलिस को जानकारी दी। करीब 12 दिन तक अपने स्तर पर तलाश करने के बाद मंगलवार को व्यापारी क्राइम ब्रांच पहुंचे और केस दर्ज कराया। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी ड्राइवर मसरू रबारी के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर लिया है। क्राइम ब्रांच की टीम फुटेज और ड्राइवर के फोटो के आधार पर उसकी तलाश में जुटी है। पुलिस को कुछ सुराग भी मिले हैं और भरोसा भी दिला जा रहा है कि आरोपी जल्द पकड़ा जाएगा। डीसीपी क्राइम राजेश त्रिपाठी ने बताया कि गुजरात के व्यापारी के साथ वारदात हुई है। मामले में उनके ड्राइवर के खिलाफ एफआईआर कर जांच की जा रही है।

# भूतपूर्व हो चुके पदाधिकारियों को मिलेगी प्रदेश भाजपा में नई जिम्मेदारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भाजपा के नए प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल अब अपनी नई टीम घोषित करने की तैयारी कर रहे। नई टीम का खाका भाजपा के वरिष्ठ नेता व पदाधिकारियों की राय से ही वे तैयार कर रहे है। इस बार खंडेलवाल की टीम में इंदौर के उन नेतागणों को मौका मिलना तय माना जा रहा है जो अब भूतपूर्व पदाधिकारी हो चुके है। उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।**



भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष जीतू जिराती पूर्व प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा की टीम का हिस्सा रहे है। वे प्रदेश उपाध्यक्ष है। इस बार उनका कद प्रदेश भाजपा में बढ़ सकता है। इसके अलावा पूर्व भाजपा अध्यक्ष गौरव रणदिवे को भी प्रदेश भाजपा में शामिल किया जा सकता है। इंदौर से कविता पाटीदार फिलहाल प्रदेश भाजपा महामंत्री है। इस बार इंदौर से किसी नई महिला नेत्री को जिम्मेदारी मिल सकती है। प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी में नेतापुत्र भी महत्वपूर्ण पद पाने की कवायद में जुटे है। इंदौर की तीन नंबर विधानसभा से विधायक रह चुके आकाश विजयवर्गीय के अलावा विधायक मालिनी गौड़ के पुत्र एकलव्य गौड़ भी चाहते है कि उन्हें प्रदेश भाजपा में बड़ी जिम्मेदारी मिले। नगर भाजपा की कार्यकारिणी भी नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा घोषित करने की तैयारी में है। उन्होंने जिले के विधायकों से नाम मांगे है। वरिष्ठ पदाधिकारियों से चर्चा के बाद कार्यकारिणी को अंतिम रुप दिया जाएगा। इस बार कुछ पुराने नेतागणों को भी जिम्मेदारी मिल सकती है।

# दो छात्राओं के लैपटॉप चोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** भंवरकुआं थाना क्षेत्र स्थित गोविंदम गर्ल्स हॉस्टल से अज्ञात चोर दो छात्राओं के लैपटॉप चुरा ले गए। पुलिस के मुताबिक, अशोक नगर की रहने वाली दीपा पटेल और भूमि साहू इस होस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही हैं। सोमवार रात दोनों ने कमरा लॉक कर खाना खाने के लिए बाहर गई थीं। जब वे लौटकर आईं तो कमरे का ताला सही सलामत था, लेकिन अंदर रखे दोनों के लैपटॉप गायब थे। छात्राओं ने पहले वार्डन और अन्य साथियों को जानकारी दी, फिर मंगलवार को थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आपदा से निपटने की तैयारी

# भगवा केसरिया रंग की विशेष ड्रेस और संसाधन दिए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। आपदा और जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए नगर निगम कर्मचारियों को बुधवार को सभी संसाधन और भगवा केसरिया रंग की ड्रेस उपलब्ध कराई गई। क्यूआरटी टीम में शामिल किए गए अलग-अलग जोन के निगम कर्मचारी नेहरू स्टेडियम पहुंचे। उनसे निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने चर्चा भी की।**



यहां टीम के सभी सदस्यों को लॉन्ग गम बूट, हेलमेट, ग्लव्स, गैंती, फावड़ा, टार्च, रस्सी, गाड़ियां सहित सभी आवश्यक संसाधन सौंपे गए। टीम विशेष ड्रेस में 24 घंटे तैयार रहेगी। आपदा की स्थिति में रात के समय भी वर्कशॉप में टीम उपलब्ध रहेगी और तत्काल मौके पर पहुंचेगी। निगमायुक्त ने टीम को निर्देशित किया है कि सभी सदस्य किसी भी स्थिति में तत्काल, समर्पित और समन्वित तरीके से काम करें, ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और आपदा की स्थिति में त्वरित राहत पहुंचाई जा सके। नगर निगम आयुक्त ने यहां पर कर्मचारियों से आपदा में किस प्रकार काम करेंगे, कैसे स्थिति से निपटेंगे आदि कुछ सवाल भी किए। वहीं उन्होंने आपदा और जलभराव की स्थिति से निपटने के गुर भी सिखाए। निगमायुक्त ने कहा कि जल भराव के पाइंट पर हम काम कर रहे हैं, ताकि जल भराव ना हो। ड्रेनेज की सफाई तो कर रहे हैं, अगर कोई स्थायी अरेंजमेंट करने से समस्या का समाधान हो रहा है तो वह भी कर रहे हैं। आयुक्त ने बताया कि शहर के लिए चार क्यूआरटी टीम बनाई हैं। ये पूरे संसाधनों से लेस हैं। ये किसी भी पाइंट पर जाएंगे और वहां पर तत्काल काम शुरू कर जलभराव की समस्या को दूर करेंगे। 112 पाइंट पर ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि जर्जर भवन को चिह्नित कर उस पर कार्रवाई करना शुरू कर दी है। ज्यादा जलभराव वाले स्थानों को भी चिह्नित कर लिया है, ताकि ज्यादा जल भराव होने पर वहां से लोगों को शिफ्ट किया जा सके। इस मौके पर अपर आयुक्त मनोज पाठक, वर्कशॉप प्रभारी मनीष पांडे सहित अन्य निगम अधिकारी उपस्थित रहे।

# 'बिछुड़ी' देखने के बहाने ज्वेलर्स की दुकान से जेवर चोरी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। राजेंद्र नगर क्षेत्र में एक ज्वेलर्स की दुकान से महिला और पुरुष ने सोने के टॉप्स चोरी कर लिए। दुकान संचालक आशीष सोनी ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है।**

पुलिस के अनुसार, आशीष सोनी बिजलपुर में घर के नीचे ही सोने-चांदी की दुकान चलाते हैं। मंगलवार दोपहर करीब डेढ़ बजे उनके पिता कैलाशचंद सोनी दुकान पर बैठे थे। तभी एक महिला और एक युवक दुकान में घुसे और बिछुड़ी (पायल) दिखाने को कहा। कैलाशचंद ने एक बॉक्स से चांदी की बिछुड़ी निकालकर दिखाना शुरू किया। इसी दौरान आरोपी मौका पाकर वहीं रखा एक और बॉक्स चुरा ले गए, जिसमें करीब 13 जोड़ी सोने के कान के टॉप्स रखे थे। रात में जब कैलाशचंद ने जेवरात गिनते समय अलमारी में बॉक्स नहीं देखा तो बेटे आशीष को सूचना दी। फिर दोनों थाने पहुंचे और संदिग्ध महिला और पुरुष के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और आरोपियों की तलाश जारी है।

# 26 जुलाई से शुरू होगी हेरिटेज ट्रेन

पहाड़, झरने और मैगी का मजा सिर्फ 20 रुपए में



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। प्रदेश की एकमात्र हेरिटेज ट्रेन, जो यात्रियों को सुहानी वादियों और प्राकृतिक नजारों का अनुभव कराती है, उसका संचालन चार माह के अंतराल के बाद फिर से शुरू होने जा रहा है। यह ट्रेन 26 जुलाई से प्रत्येक शनिवार और रविवार को पातालपानी रेलवे स्टेशन से कालाकुंड तक चलेगी।**

पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल द्वारा इसके संचालन के लिए विभागीय आदेश जारी कर दिया गया है। हालांकि, पातालपानी रेलवे स्टेशन तक पहुंचने के लिए पर्यटकों को सड़क मार्ग से ही जाना होगा। ट्रेन की यह यात्रा महू तहसील के घने जंगलों, ऊंची-नीची पहाड़ियों, झरनों और पक्षियों की चहचहाहट के बीच से गुजरती है, जिससे यात्रियों को अद्भुत अनुभव मिलता है। पातालपानी का झरना, भुट्टा, मैगी और गरमा-गरम भजिए के साथ इस यात्रा का स्वाद और आनंद कई गुना बढ़ जाएगा। यह पूरा सफर सुबह से शाम तक चलेगा, जिसमें पर्यटक हर पल प्राकृतिक नजारों का भरपूर आनंद उठा सकेंगे। मानसून की शुरुआत होते ही पर्यटक इस हेरिटेज ट्रेन के संचालन का बेसब्री से इंतजार करते हैं। रेलवे ने हाल ही में एक ट्रायल रन भी किया है जो पूरी तरह सफल रहा। संचालन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और जल्द ही टिकट बुकिंग भी शुरू की जाएगी। रिटेज ट्रेन के रैक में दो विस्टाडोम और तीन नॉन एसी चेयर कार कोच होंगे। विस्टाडोम कोच का एक ओर का किराया 265 रुपए होगा जबकि नॉन एसी चेयर कार का किराया मात्र 20 रुपए प्रति सवारी तय किया गया है। विस्टाडोम कोच में बड़े साइज की खिड़कियां, ट्रेलिंग विंडो, स्नैक्स टेबल और साइड पेंट्री जैसी सुविधाएं होंगी। दो विस्टाडोम कोचों में कुल 120 सीटें होंगी जबकि नॉन एसी चेयर कार के तीन कोचों में कुल 152 सीटें (64+64+24) उपलब्ध होंगी। कोचों में स्वच्छ टॉयलेट और आकर्षक पीवीसी शीट से सजे बाहरी भाग पर्यटकों के अनुभव को और बेहतर बनाएंगे। यह हेरिटेज ट्रेन पहली बार 25 दिसंबर 2018 को शुरू हुई थी और कुछ ही महीनों में प्रदेश ही नहीं, देशभर में मशहूर हो गई थी। अप्रैल 2020 में कोरोना महामारी के चलते इसका संचालन बंद कर दिया गया था।

# सब सनातन धर्म और हमारी कांवड़ यात्रा को बदनाम करने का षड्यंत्र

## विधायक गोलू शुक्ला बोले- महाकाल गर्भगृह में विवाद नहीं किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर 3 विधानसभा सीट से बीजेपी विधायक गोलू शुक्ला ने कहा, 'हमने महाकाल मंदिर के गर्भगृह में किसी से विवाद नहीं किया। हम बीते 25 साल से हजारों कांवड़ यात्रियों के साथ महाकाल मंदिर में जलाभिषेक करते आ रहे हैं। इस बार भी हमने विधिवत पूजा की। गर्भगृह में किसी से कोई विवाद नहीं हुआ। ये सब सनातन धर्म और हमारी कांवड़ यात्रा को बदनाम करने का षड्यंत्र है।'**

उन्होंने यह भी कहा कि वे 4 अगस्त को 10 हजार महिलाओं के साथ कलश यात्रा निकालने जा रहे हैं और सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार में लगातार लगे हैं। दरअसल, शुक्ला और उनके



बेटे रुद्राक्ष पर महाकाल मंदिर के गर्भगृह में बिना अनुमति घुसने और पुजारियों-कर्मचारियों से अभद्रता करने के आरोप हैं। उज्जैन कलेक्टर ने जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति बनाई है। वहीं, बीजेपी संगठन में भी मामले को लेकर अंदरूनी सुगबुगाहट चल रही है। मामला सावन सोमवार के मौके पर 21 जुलाई का है। घटना भस्म आरती से ठीक पहले की बताई जा रही है। हालांकि, इस दिन भस्म आरती से ठीक पहले ऑनलाइन दर्शन की यूट्यूब लिंक करीब 1 मिनट तक ब्लैंक है। बीजेपी संगठन इस मामले को लेकर सक्रिय हुआ है। बीजेपी सूत्रों की मानें तो महाकाल मंदिर में हुए विवाद की जानकारी दिल्ली के पदाधिकारी लोकल नेताओं से फोन पर ले रहे हैं। वहीं, इंदौर बीजेपी कार्यालय में पदाधिकारियों ने किसी को भी इस मामले में बात करने की मनाही की है। बीजेपी सूत्रों का कहना है कि इस मामले में पार्टी की इमेज खराब नहीं हो इसके लिए पूरे मामले में प्रशासनिक स्तर पर ही पटापेक्ष होने की बात कहीं जा रही है।

# छात्रों की समस्याओं को लेकर NSUI का प्रदर्शन

बैरिकेड तोड़ने की कोशिश में भिड़े कार्यकर्ता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में अनियमितताओं और छात्रों की समस्याओं को लेकर बुधवार को एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पदाधिकारी और छात्र समर्थक यूनिवर्सिटी पहुंचे, वहीं सुरक्षा को लेकर मौके पर भारी पुलिस बल भी तैनात रहा।**

प्रदर्शन के दौरान छात्र नेताओं ने यूनिवर्सिटी के मुख्य गेट से अंदर जाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया।



इससे नाराज होकर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प हो गई। कार्यकर्ताओं ने बेरिकेड्स हटाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें पीछे हटाया। इसके बावजूद छात्र धरने पर बैठ गए और नारेबाजी करते रहे। इसी बीच एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष रजत सिंह पटेल की तबीयत बिगड़ गई। बताया गया कि उमस और गर्मी के कारण वे असहज हो गए थे। उन्हें पानी पिलाया गया, जिसके बाद उनकी हालत में सुधार आया। हालांकि, कुछ देर बाद पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे करीब 20 से 25 छात्र नेताओं को हिरासत में ले लिया। एनएसयूआई अध्यक्ष रजत पटेल ने आरोप लगाया कि विरोध के दौरान पुलिस ने उनके साथ धक्का-मुक्की की, जिससे उनके पेट में चोट आई है और वे ठीक से बोल भी नहीं पा रहे हैं। दूसरी ओर, एसीपी तुषार सिंह का कहना है कि पटेल की तबीयत अधिक उमस के कारण बिगड़ी थी, जो अब सामान्य है।

**ये थीं NSUI की मांगें**

एमबीए छात्रों की उत्तरपुस्तिकाओं की जांच में गड़बड़ी हुई है। छात्रों ने पुनर्मूल्यांकन की मांग की थी, लेकिन प्रशासन ने कोई कदम नहीं उठाया। विश्वविद्यालय की इमारतें जर्जर हालत में हैं, और होस्टलों में पानी की आपूर्ति तक नहीं हो रही है। छात्र संघ का आरोप है कि विवि में भारी भ्रष्टाचार व्याप्त है। एनएसयूआई ने चेतावनी दी है कि अगर छात्रों की मांगें नहीं मानी गईं, तो आंदोलन आगे भी जारी रहेगा।

# मंत्री विजय शाह के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में नई याचिका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर विवादित बयान देने वाले मंत्री विजय शाह को पद से हटाने की मांग को लेकर कांग्रेस की नेता जया ठाकुर ने सुप्रीम कोर्ट में एक और याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि मंत्री शाह का आचरण संविधान के अनुच्छेद 164 (3) के तहत ली गई शपथ का उल्लंघन करता है। इसी आधार पर याचिकाकर्ता ने उनके खिलाफ क्वो-वारंटो रिट जारी करने की मांग की है, जिससे उन्हें मंत्री पद से हटाया जा सके। याचिका में कहा गया है- मंत्री ने कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ एक विवादित टिप्पणी की थी, जो किसी और के लिए नहीं बल्कि केवल उन्हीं के लिए हो सकती है। क्योंकि मंत्री द्वारा की गई कमेंट के विवरण के मुताबिक कोई और नहीं है। शाह केस की सुप्रीम कोर्ट में 28 मई को हुई सुनवाई के दौरान कांग्रेस नेता जया ठाकुर ने कैविएट दायर की थी। इसमें कहा गया था कि उन्हें सुने बगैर सुप्रीम कोर्ट शाह केस में कोई फैसला न दे। इस दौरान जया ठाकुर की तरफ से एडवोकेट वरुण ठाकुर, विवेक तन्खा और बाकी लोग भी कोर्ट रूम में मौजूद थे।

# 2 घोड़े लड़ते हुए शोरूम में घुसे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी**। नागरथ चौक पर दो घोड़े आपस में भिड़ गए। वहां मौजूद लोगों ने उन्हें भगाने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो पाए। देखते ही देखते घोड़े शोरूम में जा घुसे। लड़ाई के दौरान शोरूम में काफी तोड़फोड़ हुई। लड़ते-लड़ते दोनों घोड़े सड़क पर आ गए। इसी बीच चौराहे से सवारियों से भरा एक ई-रिक्शा गुजर रहा था, तभी एक घोड़ा सीधे उसमें घुस गया। ऑटो चालक सहित दो यात्रियों को गंभीर चोटें आई हैं। लोगों ने दौड़कर घायलों को ऑटो से बाहर निकाला और एम्बुलेंस बुलाई गई। इसके बाद लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद घोड़े को ऑटो से निकाला। तब तक वह छटपटाता रहा। करीब आधे घंटे तक चले हंगामे के बाद दोनों घोड़े वहां से चले गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बीते दो-तीन दिनों से ये दोनों घोड़े अक्सर चौराहे पर लड़ते देखे गए हैं। नगर निगम को इसकी सूचना दी गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी लापरवाही का नतीजा है कि आज तीन लोग घायल हो गए। स्थानीय निवासी मेहमूद ने बताया, जिनके घोड़े हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। अगर इन घोड़ों को रेस्क्यू कर शहर से बाहर नहीं किया गया, तो आगे चलकर इससे भी बड़ा हादसा हो सकता है।

# बाल गंगाधर तिलक की जयंती पर किया नमन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, श्रद्धेय लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती पर उनका पुण्य स्मरण कर शत-शत नमन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्रद्धेय तिलक ने ही पहली बार सम्पूर्ण स्वराज की आवाज बुलंद की थी और देशभक्ति से ओत-प्रोत विचारों से पूरे राष्ट्र को स्वतंत्रता पाने के लिए जागृत किया था। राष्ट्र जागरण में उनका योगदान अमिट रहेगा।

# इंग्लिश भाषा के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा

**भोपाल, एजेंसी**। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में इंग्लिश भाषा के शिक्षकों के प्रशिक्षण दिया जायेगा। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इसकी विशेष व्यवस्था की जा रही है। प्रशिक्षण के लिये भोपाल में एक राज्य स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान इंग्लिश लर्निंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (ईएलटीआई) कार्यरत है। यह संस्थान राज्य के समस्त शासकीय, प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षण संस्थानों में इंग्लिश भाषा संबंधी अकादमिक और प्रशिक्षण के क्षेत्र में मार्गदर्शन एवं सहयोग कर रहा है। ईएलटीआई संस्थान इंग्लिश भाषा अध्यापन क्षेत्र में सतत उन्नयन एवं स्तरीकरण के लिये हैदराबाद के इंग्लिश एवं विदेशी भाषा विश्वविद्यालय (ईएफएलयू) से सहयोग प्राप्त कर रहा है।

# कम खर्च में ज्यादा फायदा देने वाले फलदार और छायादार पौधों का बहुतायत में करें रोपण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसान हो या आमजन, खरीदकर पौधे लगाने और उन्हें बड़ा करने में लागत अधिक आती है, इसलिए सबको नर्सरी और बगीचा लगाने के लिए प्रेरित तो करें, परंतु उन्हें पौधे उद्यानिकी विभाग उपलब्ध कराये। कम खर्च में ज्यादा फायदा देने वाले फलदार और छायादार पौधों का बहुतायत में रोपण कराया जाये। पौधरोपण के कार्य में निजी सेक्टर और किसानों को भी जोड़ा जाये। अधिक लाभ देने वाली पौध प्रजाति का चयन किया जाये, जिससे भविष्य में इनकी मांग के अनुरूप आपूर्ति (पौध उत्पादन) भी तैयार की जा सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की बैठक में समीक्षा कर रहे थे।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के किसानों और निजी क्षेत्रों को भी 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जोड़ा जाए। सभी विभाग लक्ष्य की पूर्ति के लिए पौधरोपण में तेजी लाएं और रोपे गए पौधों की मॉनिटिरिंग भी बेहतर तरीके से करें। उद्यानिकी विभाग किसानों को फलदार वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित करे, जिससे निकट भविष्य में फलों को बेचकर उनकी आय में वृद्धि हो सके। 'एक बगिया मां के नाम' के माध्यम से राज्य सरकार स्व-सहायता समूहों की महिलाओं की आय बढ़ाने के लिए भी संकल्पित है। फलों की बगिया विकसित करने के लिए उन्हें तीन साल तक आर्थिक मदद दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर प्रदेशभर में गत 5 जून से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान चलाया जा रहा है, जो 30 सितंबर तक चलेगा। प्रमुख सचिव पर्यावरण ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस से प्रारंभ 'एक पेड़ मां के नाम अभियान' की मॉनीटरिंग के लिए मेरी लाइफ पोर्टल तैयार किया गया है। गत 5 जून से अब तक प्रदेश के विभिन्न विभागों और जिलों में करीब 5 करोड़ 54 लाख से अधिक पौधरोपण कर पोर्टल पर दर्ज कर दिया गया है। इस अभियान में अकेले वन विभाग ने ही वर्ष 2025-26 में 3.40 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा था। इस लक्ष्य के विरुद्ध 22 जुलाई तक 5 करोड़ 38 लाख से अधिक पौधों का रोपण कर दिया गया है। कुल पौधरोपण की 95 प्रतिशत से अधिक उपलब्धि वन विभाग ने हासिल की है। वन विभाग ने व्यापक कार्ययोजना तैयार की थी, जिसमें पौधरोपण क्षेत्रों को अभियान से जोड़ने, शासन के निर्देशानुसार पौधरोपण की तैयारियां, संयुक्त वन प्रबंधन समितियों की सक्रिय भागीदारी, प्लांटेशन मॉनिटरिंग सिस्टम से पौधों की निगरानी और "मेरी लाइफ" पोर्टल पर पौधरोपण की नियमित जानकारी अपलोड करना भी शामिल है। बैठक में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री श्री दिलीप अहिरवार, अपर मुख्य सचिव वन श्री अशोक वर्णवाल, प्रमुख सचिव पर्यावरण श्री नवनीत मोहन कोठारी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री असीम श्रीवास्तव, आयुक्त नगरीय विकास एवं आवास श्री संकेत भोंडवे, संचालक सह आयुक्त एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्री छोटे सिंह, आयुक्त उद्यानिकी श्रीमती प्रीति मैथिल सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# खरगोन क्षेत्र में 12 कॉलोनियों में 85 मकान खतरे की जद में मकान मालिकों को नोटिस जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खरगोन, एजेंसी**। खरगोन शहर और आसपास के क्षेत्रों में ट्रांसमिशन लाइनों के प्रतिबंधित क्षेत्रों में हुए अवैध निर्माण पर 85 मकान मालिकों को अतिक्रमण हटाने के लिये नोटिस जारी किये गये हैं। उल्लेखनीय है कि खरगोन में मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) की 132 के.व्ही. से लेकर 220 के.व्ही. तक की छह प्रमुख ट्रांसमिशन लाइनों के समीप मानव जीवन के लिये घातक और विद्युत सुरक्षा मानकों के विरूद्ध अनाधिकृत निर्माण कर लिये गये है। खरगौन के अनेक क्षेत्रों में ट्रांसमिशन लाइनो के प्रतिबंधित सीमा में अनाधिकृत निर्माण किये गये है, जिनमें विद्युत मानकों के अनुरूप न्यूनतम सुरक्षा दूरी का उल्लंघन किया गया है। यहां के ओंकार दत्त रेजिडेंसी, निमरानी, द्वारका धाम कॉलोनी, साकेत नगर, जेतपुरा, यमुना नगर कॉलोनी, खरगोन मोतीपुरा, हिंगलाज नगर, स्मार्ट पार्क टाउनशिप, माँ रेवा विन्यास कॉलोनी, पानवा एवं भीलगांव आदि क्षेत्रों में ट्रांसमिशन लाइन और निर्माण के बीच बेहद कम क्लियरेंस पाया गया है। यह अति उच्च वोल्टेज की बिजली से जुड़े संभावित करंट, स्पार्किंग, और अग्निकांड जैसे गंभीर खतरे उत्पन्न कर सकता है। खरगौन जिले में मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी की छह ट्रांसमिशन लाइने हैं जिनके समीप विद्युत सुरक्षा मानकों के विरूद्ध निर्माण कर लिये गये हैं। इन ट्रांसमिशन लाइनों में 132 के.व्ही. भीकनगांव-खरगोन डी.पी. लाइन, 132 के.व्ही. बिस्टन-लिलो लाइन, 132 के.व्ही. निमरानी-कसरावद लाइन, 220 के.व्ही. निमरानी-छैःगांव लाइन, 220 के.व्ही. निमरानी-ओंकारेश्वर लाइन एवं 220 के.व्ही. महेश्वर-पीथमपुर लाईन शामिल हैं।

### रामकृष्ण कुसमरिया बने मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग अध्यक्ष, आदेश जारी

**भोपाल**। मोहन सरकार ने वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री रामकृष्ण कुसमरिया को मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति मुख्यमंत्री मोहन यादव की सहमति के बाद की गई है। कुसमरिया को आयोग के शेष कार्यकाल तक पद पर बने रहने के आदेश दिए गए हैं। यह नियुक्ति राज्य शासन के दिनांक 02.09.2021 को गठित आयोग की अधिसूचना के तहत की गई है। इस आशय का आदेश बुधवार को पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी किया गया।

# नशा मुक्ति पर एसआई दीक्षित की शॉर्ट फिल्म 6 दिन में 20 लाख बार देखी गई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**अशोक नगर, एजेंसी। मध्यप्रदेश पुलिस ने पूरे प्रदेश में नशे को लेकर जागरूक करने के लिए बड़ा अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था और सख्त कार्रवाई करने वाली पुलिस का ऐसा रूप दिखा कि लोग हैरान हो गए। अधिकारी ने अपनी एक्टिंग से पूरे पुलिस विभाग सहित अन्य लोगों को चौंका दिया है। इनकी नशा मुक्ति पर बनी शॉर्ट मूवी ने पूरे एमपी में धमाल मचा दिया है।**




उल्लेखनीय है कि पूरे मध्यप्रदेश पुलिस ने 'नशा से मुक्ति है जरूरी' अभियान चलाया जा रहा है। यहां जिले की नईसराय थाना प्रभारी पुनीत दीक्षित ने सामाजिक बुराई नशे पर शॉर्ट फिल्म बनाई। इसको 6 दिन में 20 लाख लोगों ने देखा है। पुलिस में पदस्थ एसआई की अपनी शासकीय नौकरी के कर्तव्य का निर्वहन कर रहे हैं। साथ में सामाजिक बुराइयों के मुद्दों पर भी अपनी एक्टिंग से लोगों को जागरुक कर रहे हैं। पुलिस दीक्षित ने बताया कि वह बचपन से पुलिस सेवा में जाना चाहते थे। साथ ही उन्हें एक्टिंग का भी शौक था। कॉलेज के समय कई ड्रामा और डांस में हिस्सा भी लिया। शासकीय सेवा में रहते हुए नशा जैसी सामाजिक बुराई और साइबर क्राइम से जुड़े अपराध के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए शॉर्ट फिल्म बनाने का अवसर मिला। जिसे सीनियर अधिकारियों और आमजन ने भी खूब तारीफ की है। सात मिनट की इस फिल्म में एक ऐसे युवा की कहानी दिखाई गई है जो पुलिस परीक्षा में पास तो हो जाता है। लेकिन वह दोस्तों के साथ नशे में लिप्त हो जाता है। इस लत के कारण फिटनेस टेस्ट में अनफिट हो जाता है। इसके बाद वह आत्महत्या की कोशिश करता है। बाद में पुलिस उसे बचाती है। फिल्म का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखना है। इस फिल्म को पिछले 6 दिन में 20 लाख से अधिक लोग देख चुके हैं। अलग-अलग सोशल साइट और व्यक्तिगत लोगों ने पोस्ट कर वायरल किया। वहीं, नशे पर बनी 1 मिनट 50 सेकंड की रील्स भी प्रदेश में खूब वायरल हुई। इसे 12 घंटे में 1 लाख 13 हजार लोग देख चुके हैं, फिल्म में शहर के युवा हीरों कश्यप ने भी किरदार किया।

## संपादकीय

# कौन होगा अगला उपराष्ट्रपति?

जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद अब उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव की प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू हो गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मंगलवार को जारी अपने राजपत्र (गजट) के माध्यम से धनखड़ के इस्तीफे को अधिसूचित किया। चुनाव प्रक्रिया के जल्द ही शुरू होने से जल्द ही चुनाव तारीखों की घोषणा होने की भी उम्मीद है। तारीखों की घोषणा के बाद ही उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के नाम की घोषणा हो जाएगी। इस बीच उपराष्ट्रपति पद के संभावित नामों को लेकर कयास लगने शुरू हो गए हैं। हालांकि, कहा जा रहा है कि उपराष्ट्रपति बीजेपी से ही होगा। उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के लिए बिहार के सीएम नीतीश कुमार के नाम की सबसे अधिक चर्चा हो रही है। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा, बीजेपी नेता रविशंकर प्रसाद का भी नाम सामने आ रहा है। बिहार चुनाव के मद्देनजर माना जा रहा है कि बीजेपी की तरफ से जदयू को यह ऑफर दिया जा सकता है। हालांकि, राजनीतिक के जानकारों का मानना है कि बीजेपी इस पर अपनी ही पार्टी के किसी वरिष्ठ और अनुभवी नेता पर दांव खेल सकती है। ऐसे में उपराष्ट्रपति की रेस में निम्नलिखित नाम सबसे आगे चल रहे हैं। थावर चंद गहलोत बीजेपी के वरिष्ठ नेता और दलित समुदाय के प्रमुख चेहरों में से एक हैं। वे मध्य प्रदेश से कई बार राज्यसभा सांसद रहे हैं। इसके साथ ही वह राज्यसभा में सदन के नेता भी रह चुके हैं। इसके साथ ही बीजेपी पार्लियामेंट्री बोर्ड के सदस्य भी रहे हैं। गहलोत नरेंद्र मोदी सरकार में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय का जिम्मा संभाल चुके हैं। गहलोत को विवादों से दूर रहने वाला नेता माना जाता है। संगठन में मजबूत पकड़ होने, प्रशासनिक अनुभव के साथ ही जाति समीकरण में फिट होना उन्हें उपराष्ट्रपति पद के लिए संभावित दावेदार बनाती है। ओम प्रकाश माथुर राजस्थान से ताल्लुक रखने वाले बीजेपी के वरिष्ठ नेता हैं। फिलहाल सिक्किम के राज्यपाल हैं। वे एक जमीनी कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते हैं और संगठनात्मक कौशल मजबूत माना जाता हैं। माथुर ने राजस्थान, गुजरात, झारखंड, बिहार, महाराष्ट्र, और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में बीजेपी के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाली हैं। कई राज्यों में चुनाव प्रभारी रहते हुए उन्होंने पार्टी को जीत दिलाई। माथुर को पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के करीबी माना जाता है। आरएसएस के प्रचारक रहने के साथ ही उनकी संगठनात्मक क्षमता और कार्यकर्ताओं के बीच लोकप्रियता उन्हें मजबूत दावेदार बनाती है। मुस्लिम चेहरे के रूप में आरिफ मोहम्मद खान की दावेदारी को भी मजबूत माना जा रहा है। यूपी के बुलंदशहर के रहने वाले आरिफ फिलहाल बिहार के राज्यपाल हैं। खास बात है कि अभी बीजेपी में सरकार में किसी बड़े पद पर कोई भी मुस्लिम उम्मीदवार नहीं है। ऐसे में बीजेपी यदि आरिफ मोहम्मद खान को उम्मीदवार बनाती है तो विपक्ष भी विरोध नहीं कर पाएगा। यदि ऐसा होता है तो यह बीजेपी की राजनैतिक रूप से जीत होगी। खास बात है कि बिहार के बाद पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव होने हैं। दोनों राज्य में मुस्लिम आबादी काफी अधिक है। ऐसे में यदि आरिफ मोहम्मद खान उपराष्ट्रपति बनते हैं तो मुस्लिम समुदाय में बीजेपी की तरफ से एक अच्छा मैसेज जाएगा। इससे पहले भी बीजेपी एपीजे अब्दुल कलाम को राष्ट्रपति बनवा चुकी है। हरिवंश फिलहाल राज्यसभा में उपसभापति हैं। हरिवंश का नाम भी उपराष्ट्रपति पद के लिए मजबूत दावेदार के रूप में सामने आ रहा है। किसी अन्य नाम पर सहमति ना बनने की सूरत में हरिवंश सबसे सहज कदम होंगे। राज्यसभा में उपसभापति पद का अनुभव, जदयू से सांसद होने के साथ ही एनडीए में मजबूत पकड़ उनकी दावेदारी मजबूत करते हैं। राजनीतिक विश्लेषकों ने दावा किया है कि हरिवंश को उपराष्ट्रपति बनाया जा सकता है। खासकर बिहार विधानसभा चुनाव के संदर्भ में, जहां एनडीए को JDU का समर्थन मजबूत करने की जरूरत है। 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए, रमा देवी का नाम भी उपराष्ट्रपति पद के लिए चर्चा में है। बीजेपी और एनडीए बिहार में पिछड़े और दलित वोटरों को आकर्षित करने की रणनीति पर काम कर रही है। रमा देवी बिहार की वरिष्ठ राजनेता हैं, जिन्होंने शिवहर लोकसभा क्षेत्र से 2009, 2014, और 2019 में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के टिकट पर जीत हासिल की। रमा देवी के पति, स्वर्गीय बृज बिहारी प्रसाद, बिहार में पिछड़े और दलित समुदायों के बीच मजबूत जनाधार वाले नेता थे। उनकी हत्या (1998) के बाद रमा देवी ने इस जनाधार को बनाए रखा, जिससे वे बिहार की राजनीति में प्रभावशाली हैं। उपराष्ट्रपति पद के लिए संभावित उम्मीदवार की रेस में सबसे नया नाम रामनाथ ठाकुर का सामने आया है। हाल ही में जेपी नड्डा से मुलाकात के बाद रामनाथ ठाकुर के नाम की चर्चा तेज हो गई है। वे बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और जननायक कर्पूरी ठाकुर के बड़े पुत्र हैं।



जो लोग जीवन से भरपूर हैं उन्हें जीने के लिए किसी मकसद की जरूरत नहीं होती। जीवन अपने आपमें ही एक मकसद है।

– जग्गी वासुदेव

## धर्म-कर्म

# हरियाली अमावस्या पर किन चीजों का दान आपको बनाएगा मालामाल, पितरों का भी मिलेगा आशीर्वाद



सावन मास की अमावस्या जिसे हरियाली अमावस्या के नाम से जानते हैं, 24 जुलाई यानी गुरुवार को पड़ रही है। हरियाली अमावस्या पर पितृ पूजन, पवित्र नदी में स्नान, ध्यान और दान का बेहद महत्व है। इसके साथ ही हरियाली अमावस्या पर पिंडदान और तर्पण किया जाता है। पितरों का पूजन करने से उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है। ऐसे में आइये जानते हैं हरियाली अमावस्या पर क्या-क्या दान करें।

सावन की अमावस्या पर शिवपूजन का विशेष फल मिलता है। शिवजी को गंगाजल, दूध, दही आदि से स्नान कराने और भांग-धतूरा, बेल पत्र आदि चढ़ाने का बड़ा महत्व है। इसके साथ ही हरियाली तीज पर क्षमता के मुताबिक दान करना चाहिए। इससे पितृ भी प्रसन्न होते हैं और पितृ दोष दूर होता है। साथ ही भगवान शिव का भी आशीर्वाद मिलता है।

### ◆ हरियाली अमावस्या के दान

हरियाली अमावस्या पर जौ, तिल, अन्न, वस्त्र, छाता, फल, गाय का दान विशेष रूप से फलदायक माना जाता है। इसके साथ ही शिव मंदिर में काले तिल और तिल के तेल का दान करने, सफेद वस्त्रों का दान का भी बड़ा महत्व है। जरूरतमंदों को आर्थिक मदद करने का भी फल मिलता है। अशुभ ग्रहों की शांति के लिए उड़द या चादर का दान भी कर सकते हैं। इसके साथ ही हरियाली अमावस्या के दिन छायादार पेड़ लगाना चाहिए। साथ ही पौधे का दान करने का भी पुण्य फल मिलता है।

### ◆ हरियाली अमावस्या पर कौनसा पौधा लगाएं

हरियाली अमावस्या पर पीपल, नीम, बेल, तुलसी, आंवला, केला और अश्वगंधा का पौधा लगाने का बड़ा महत्व है। बताया जाता है कि हरियाली अमावस्या पर ये पौधे लगाने से न सिर्फ भगवान शिव और पितृ प्रसन्न होते हैं बल्कि आर्थिक परेशानियां भी दूर होती हैं। चूंकि अमावस्या की तिथि शनि देव को समर्पित होती है। ऐसे में हरियाली अमावस्या पर शनि चालीसा, शिव चालीसा का पाठ करने के बाद शमी का पौधा लगाएं। इससे आपको शिवजी और शनि महाराज दोनों का आशीर्वाद मिलेगा। साथ ही सफाईकर्मियों, चौकीदारों आदि को आर्थिक रूप से दान दे सकते हैं। या उनके बच्चों की पढ़ाई के लिए दान दे सकते हैं। इससे आपकी कुंडली में शनि दोष भी शांत होगा।

New Delhi

# नीचे से चौथे नंबर पर आया पाकिस्तान का पासपोर्ट भारत ने लगा दी 8 पायदान की लंबी छलांग

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दुनिया भर के देशों के पासपोर्ट की नई रैंकिंग आ गई है। इसके मुताबिक भारत का पासपोर्ट दुनिया में 77वें नंबर पर है। वहीं पहले नंबर पर एशिया के ही सिंगापुर और दूसरे पर जापान एवं साउथ कोरिया को रखा गया है। दिलचस्प तथ्य यह है कि पाकिस्तान दुनिया का चौथा सबसे खराब रैंकिंग वाला देश है। उसका पासपोर्ट 96वें नंबर पर रखा गया है। हेनले पासपोर्ट इंडेक्स ने 1 से 99 तक की रैंकिंग में दुनिया के तमाम देशों को रखा है। पाकिस्तान के साथ सोमालिया और यमन को जगह मिली है। सबसे आखिरी यानी 99वें नंबर पर अफगानिस्तान है। इसी तरह 98 पर सीरिया




और 97 पर इराक को जगह मिली है। तीसरे पायदान पर यूरोप के ही कई देश हैं, जिनमें डेनमार्क, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, आयरलैंड, इटली और स्पेन शामिल हैं। इन देशों में घूमने के लिए लोग बड़ी संख्या में जाना चाहते हैं। चौथे नंबर पर भी स्वीडन, नीदरलैंड और बेल्जियम समेत यूरोप के ही 7 देश शामिल हैं। भारत के एक और पड़ोसी देश बांग्लादेश के पासपोर्ट को 94वें नंबर पर रखा गया है। उसके साथ ही रैंकिंग में फिलिस्तीन को भी जगह मिली है। इसके अलावा सूडान और उत्तर कोरिया को क्रमशः 92वां और 93वां नंबर मिला है। श्रीलंका और ईरान को 91वें नंबर पर रखा गया है। वहीं दुनिया के सबसे ताकतवर देश कहे जाने वाले अमेरिका को 10वां पायदान मिला है तो इजरायल 18वें नंबर पर है।

Gujrat

## रमी की लत ने टीचर को बना दिया चोर, बुर्का पहनकर चुराए 8 लाख; एक तिल से पकड़ी गई



**अहमदाबाद, (एजेंसी)** अहमदाबाद के मेघानीनगर स्थित एक नर्सिंग कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल को 8 लाख रुपये की चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को इस मामले में उनकी दाहिनी आंख के पास एक तिल से सुराग मिला। सीसीटीवी फुटेज में बुर्का पहने एक महिला को चुपके से कॉलेज के तिजोरी से नकदी निकालते देखा गया और उस तिल ने उनकी पहचान उजागर कर दी। शाहिबाग की निवासी 42 साल की यह महिला ने पुलिस को बताया कि वह ऑनलाइन रम्मी की लत में इस कदर डूब गई थी कि कर्ज के जाल में फंस गई। इस कर्ज से उबरने और खेल जारी रखने के लिए उसने कॉलेज की तिजोरी से पैसे चुराने का रास्ता चुना। उसने 22 जुलाई की सुबह 6 बजे तिजोरी से 500 रुपये के नोटों की गड्डी निकाली, जिसमें कुल 8 लाख रुपये थे। मामला तब खुला जब कॉलेज के प्राचार्य को सुबह तिजोरी खाली मिली। उन्होंने तुरंत स्टाफ को इकट्ठा किया और पूछताछ शुरू की। हैरानी की बात यह थी कि उस समय चोर यानी वाइस प्रिंसिपल भी वहां मौजूद थी, जैसे कुछ हुआ ही न हो। लेकिन पुलिस ने रातभर सीसीटीवी फुटेज की बारीकी से जांच की और उस तिल ने सारा राज खोल दिया। सब-इंस्पेक्टर आर. एम. चावड़ा ने बताया, 'फुटेज में बुर्का पहने महिला की दाहिनी आंख के पास तिल देखकर हमें शक हुआ। अगली सुबह जब हमने वाइस प्रिंसिपल से पूछताछ की और वीडियो दिखाया, तो उन्होंने अपना गुनाह कबूल कर लिया।'

New Delhi

## 'पति संतुष्ट नहीं कर पाता था, इसलिए कर दी हत्या...' पुलिस के सामने पत्नी का कबूलनामा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली से एक बार फिर रिश्तों को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है. यहां पत्नी ने अपने पति की बेरहमी से हत्या कर दी और फिर पुलिस को गुमराह करने के लिए खुदकुशी की झूठी कहानी गढ़ दी. बाहरी दिल्ली के निहाल विहार इलाके में सामने आए इस मामले में पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया है. दरअसल, 20 जुलाई की शाम तकरीबन 4:15 बजे बाहरी दिल्ली के निहाल विहार थाने में हॉस्पिटल से फोन गया था. कॉलर ने पुलिस को बताया कि एक महिला अपने पति के साथ आई है. उसके पति के शरीर पर चाकू के निशान हैं. पति की मौत हो चुकी है. इस कॉल के बाद दिल्ली पुलिस की टीम फौरन अस्पताल पहुंची. वहां पुलिस को महिला मिली. उसने पुलिस को बताया कि उसके पति ने खुद को चाकू मारकर खुदकुशी कर ली है. इसके बाद जब पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई तो पुलिस को पता चला कि जो चाकू के निशान थे, वह खुद से करने पर नहीं बन सकते थे. इससे साफ हो गया कि युवक को चाकू सामने से मारा गया था. पुलिस ने इस मामले में हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की.

Bihar

## सीवान में कांवड़ियों से भरा पिकअप पलटा, 30 घायल, पांच की हालत गंभीर

**सीवान, (एजेंसी)** सीवान के तरवारा थाना क्षेत्र में कांवड़ियों से भरी पिकअप गाड़ी पलट गई। हादसे में 30 से 35 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इनमें सात लोगों की हालत काफी नाजुक बनी हुई है। श्रद्धालु बाबाधाम देवघर में जल चढ़ा कर यूपी लौट रहे थे। इसी दौरान तरवारा थाना क्षेत्र के पास हादसा हो गया। कांवड़ियों से भरी गाड़ी पलट गई। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार सावन के पवित्र माह के चलते श्रद्धालु बाबा धाम से जल चढ़कर घर वापस आ रहे थे। सभी लोग यूपी के देवरिया जिले के अलग-अलग गांव के रहने वाले हैं। सभी बाबा धाम जल चढ़ाने गए थे। वापस आते समय सीवान जिले के तवारा थाना क्षेत्र के गंडक पुल के पास पहुंचे तभी गाड़ी का स्टेरिंग



फेल हो गया, जिसकी वजह से गाड़ी पलट गई। हादसे में पिकअप पर सवार लगभग 30 से 35 सभी लोग घायल हो गए। किसी का हाथ टूटा किसी का सिर फटा। घायलों में सात लोगों की हालत काफी नाजुक बनी हुई है। आसपास के लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए सीवान के सदर अस्पताल भर्ती कराया गया है।

# सिंधू ने मियाजाकी को हराया, सात्विक-चिराग की जोड़ी भी अगले दौर में पहुंची

**चांग्झू, (एजेंसी) ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन पी वी सिंधू ने बुधवार को जापान की छठी वरीयता प्राप्त तोमोका मियाजाकी को 21-15, 8-21, 21-17 से हराकर चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन प्रतियोगिता के अंतिम 16 में प्रवेश किया। सिंधू ने शानदार शुरुआत की और लगातार सात अंक लेकर पहले गेम में 13-5 की बढ़त बना ली और फिर आसानी से यह गेम अपने नाम कर लिया।**

दूसरे गेम में मियाजाकी ने शानदार वापसी की और लगातार नौ अंक लेकर 12-8 की बढ़त बना ली। जापान की खिलाड़ी ने यह गेम जीत कर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। सिंधू ने तीसरे और निर्णायक गेम में शुरू से अच्छा प्रदर्शन किया और लगातार बढ़त बनाए रखकर 62 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में जीत हासिल की। मौजूदा समय में विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सिंधू का सामना दूसरी बार मियाजाकी से हो रहा था। पिछले साल स्विस ओपन में वह जापानी खिलाड़ी से हार गई थीं।

इस साल पांच टूर्नामेंट में पहले दौर में बाहर होने वाली सिंधू ने मैच के बाद कहा,





'यह मेरे लिए बहुप्रतीक्षित जीत थी। पहला राउंड मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण था। यह तीन गेम का मुकाबला था। तीसरे गेम में भी मेरे लिए शुरुआत से ही बढ़त बनाना महत्वपूर्ण रहा। मेरे लिए यह मैच जीतना महत्वपूर्ण था। इससे निश्चित तौर पर मेरा मनोबल बढ़ेगा।' हैदराबाद की इस 30 वर्षीय खिलाड़ी का अगला मुकाबला भारत की ही एक अन्य खिलाड़ी 17 वर्षीय उन्नति हुड्डा से होगा। उन्नति ने ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर जिम्नेजियम में 36 मिनट तक चले मुकाबले में राष्ट्रमंडल खेलों में दो बार की पदक विजेता स्कॉटलैंड की क्रिस्टी गिलमोर को 21-11, 21-16 से हराया। इस बीच, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की विश्व की 15वें नंबर की पुरुष युगल जोड़ी ने जापान के केन्या मित्सुहाशी और हिरोकी ओकामुरा को केवल 31 मिनट में 21-13, 21-9 से हराकर दमदार शुरुआत की। रुतपर्णा पांडा और श्वेतपर्णा पांडा की महिला युगल जोड़ी हालांकि हांगकांग की नगा टिंग येउंग येउंग और पुई लाम येउंग से 31 मिनट में 12-21, 13-21 से हार गईं।

## नुशरत भरूचा बोलीं- हीरो को मिलती है अच्छी वैनिटी, एक वक्त था जब मैं 5 मिनट वॉशरूम जाने के लिए...



बॉलीवुड में सैलरी और सुविधाओं में भेदभाव के आरोप अक्सर लगते रहते हैं। अब एक्ट्रेस नुशरत भरूचा भी इस पर बोली हैं। उनका कहना है कि इंडस्ट्री में महिलाओं के साथ अलग व्यवहार होता है। पुरुषों के लिए सेट पर वॉशरूम से लेकर बढ़िया वैनिटी वैन की सुविधा होती है। नुशरत ने अपना अनुभव बताया। नुशरत नयनदीप रक्षित से बात कर रही थीं। उन्होंने इंडस्ट्री में सेक्सिज्म पर बात की। वह बोलीं, 'जैसे ही बंदा हिट देता है, वह इनसाइडर हो या आउटसाइडर इससे फर्क नहीं पड़ता, उसे तुरंत 5 नई फिल्में मिल जाएंगी। लेकिन औरतों को संघर्ष करते रहना पड़ता है। मैं प्यार का पंचनामा (2011) के वक्त से ये बात बोलती आ रही हूं। एक लड़की को ये ऑप्शंस मिलने के लिए... मैं ये नहीं कह रही कि रातोंरात सनसनी बन जाना चाहिए, अगर फिल्म हिट हो जाए तो एक एक्टर क्या चाहता है? उसे भविष्य के लिए कुछ ऑप्शंस मिल जाएं। बस। आपको बस मौके की जरूरत होती है। जितने ऑप्शंस हीरो को मिल जाते हैं उतने हमें नहीं मिलते।' नुशरत ने कहा कि मेल स्टार्स को अच्छी वैनिटी वैन मिलती है। नुशरत बोलीं, 'एक वक्त था जब मैं पूछती घूमती थी कि क्या मैं 5 मिनट के लिए हीरो की वैनिटी यूज कर सकती हूं?

## Highlights

1. **Opposition's BJP hatred turning into Hindi hatred: Andhra Dy CM**
2. **Woman mortgaged her jewellery to build award-winning organic farm**
3. **Video shows houses collapsing on Mumbai hill after heavy rains**
4. **Indian man beaten up & left to die by a group of men in Australia, told 'F*** off, Indian'**
5. **Something is fishy: Kharge raises questions on VP's resignation**

# Google Play fuel ₹4 lakh crore app economy boost in India during 2024: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** Google Play and Android generated an estimated ₹4 lakh crore in revenue for app publishers and the wider Indian economy in 2024, according to a latest report by economics, policy and opinion research consultancy Public First.

India's digital economy is one of the largest and fastest-growing in the world, experiencing unprecedented momentum fueled by rapid smartphone adoption, affordable data, and a dynamic ecosystem of developers and entrepreneurs, the report measuring impact and contribution of Google Play and Android to India, said.

According to the report, India's digital revolution is transforming how millions of people participate in the modern economy.



Android is the world's most widely used mobile operating system, and is utilised by smartphones, tablets, laptop computers, and other smart technology produced by a range of companies, while Google Play is the official app store and digital distribution service for Android services.

"In 2024, the Play and Android ecosystem generated ₹4 lakh crore in revenue for app publishers and the wider economy in India," it said.

Thirty-five lakh plus direct, indirect and spillover jobs were created by the app ecosystem Google Play and Android, it further said.

India represents the second largest number of active developers registered on Google Play, with over 10 lakh developer jobs.

Nearly 79 per cent of the country's app developers have overseas users, it said.

The total app downloads from the Play Store for Indian developers stood at 720 crore, with 600 crore from domestic users and 120 crore from overseas users.

# Elon Musk predicts 'few rough quarters' for Tesla, shares drop by 5%

**NEW DEIHI, (Agency).** Tesla Chief Executive Elon Musk said on Wednesday that US government cuts in support for electric vehicle makers could lead to a "few rough quarters" for the company before a wave of revenue from self-driving software and services begins late next year.

Shares fell nearly 5% after Musk responded on a quarterly results conference call to questions about new US government policies under President Donald Trump.

Musk's electric vehicle maker posted the worst



quarterly sales decline in more than a decade and profit that missed Wall Street targets, but its profit margin on making cars was better than many feared. Musk is pursuing autonomous driving to power privately owned vehicles as well as robotaxis that it plans to put into production next year. In the meantime, it is working on a new, cheaper car, though Chief Financial Officer Vaibhav Taneja said that production would ramp up next quarter, slower than initially expected. It produced some initial units by the end of June. The company did not provide an update on its full-year deliveries forecast, citing the economy and timing of the new car rollout.

"Tesla's disappointing results aren't surprising given the rocky road it's traveled recently," said eMarketer analyst Jacob Bourne. "A truly affordable model will hit the bullseye in terms of boosting sales if Tesla can effectively position it right without detracting from its higher-priced models."

किसी को आपत्ति हो तो सामने आ सके...

# राजा के भाई ने कहा-शादी के पहले जाहिर सूचना दें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या की असली वजह अभी तक सामने नहीं आई है। रघुवंशी परिवार अब भी इस सवाल का जवाब तलाश रहा है। राजा को खोने के बाद उनके भाई विपिन रघुवंशी ने युवाओं से एक अपील की है कि वे शादी से पहले वे जाहिर सूचना जरूर दें, ताकि उनके भाई जैसी घटना किसी और के साथ न हो। इस मामले में आरोपी प्रॉपर्टी ब्रोकर शिलोम जेम्स को जमानत मिल गई है। ऐसे में राजा का परिवार अब हाईकोर्ट में जाकर उसकी जमानत रद्द करवाने की कोशिश करेगा। इसके लिए विपिन मंगलवार को शिलॉन्ग पहुंच गए हैं।**

उन्हें यह भी जानकारी मिली है कि गोविंद नाम का व्यक्ति भी शिलॉन्ग आया था और फिर वापस चला गया। उसने सोनम और राज के लिए वकील किए हैं। विपिन ने कहा, मैं अपने छोटे भाई को खो चुका हूं, लेकिन मैं देश के सभी युवाओं और उनके माता-पिता से अपील करना चाहता हूं कि जो भी युवक या युवती शादी करने जा रहे हैं, वे शादी से पहले अपने रिश्ते की जाहिर सूचना (सार्वजनिक सूचना) जरूर दें। अगर किसी को उस शादी से कोई आपत्ति हो, तो वह सामने आ सके। उन्होंने आगे कहा, सोनम ने जिस तरह राजा को मेघालय ले जाकर उसकी हत्या की योजना बनाई, उसने



भी युवा शादी करने जा रहे हैं, उन्हें सबसे पहले अपने होने वाले जीवनसाथी की पूरी जानकारी लेनी चाहिए। इसके बाद परिवार की पृष्ठभूमि पता करें। जब रिश्ता तय हो जाए, तो शादी से पहले अखबार में या अन्य माध्यमों से सार्वजनिक सूचना जरूर दें। इससे अगर किसी को कोई आपत्ति होगी तो वह सामने आ सकता है, जिससे किसी की जान बचाई जा सकती है।

## महू में जेठ व बहू की कुल्हाड़ी से हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। इंदौर के समीप महू के एक गांव में बहू और जेठ की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। हत्या किसने की और उनका क्या मकसद था, पुलिस इसका पता नहीं लगा पाई है। दोनो के शव कमरे में पड़े मिले। कमरे में शराब की बोतलें भी थीं। पुलिस को आशंका है कि किसी परिचित व्यक्ति ने ही दोनों की हत्या की है। महू के जामली गांव के ग्रामीणों ने महू पुलिस को सूचना दी कि गांव के एक घर में दो लोगों की लाश पड़ी हैं। मृतक की पहचान 65 वर्षीय ओंकार निनामा व सावित्री बाई पति सुखराम निनामा है। ओंकार के घर अक्सर सावित्री बाई का आना-जाना लगा रहता था। मंगलवार को भी सावित्री घर आई थी और दोनो ने साथ में शराब भी पी थी। इसके बाद सुबह दोनो के शव कमरे में मिले। आसपास रहने वाले लोगों ने उनके घर में किसी अंजान व्यक्ति को आते-जाते नहीं देखा। दोनो की परिजनों ने अंत्येष्टी करने की तैयारी कर ली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को जब्त कर अस्पताल पहुंचाया। दोनो अक्सर शराब पीने के बाद विवाद भी करते है। पुलिस को यह भी आशंका है कि शराब के नशे में दोनो ने विवाद किया और फिर एक दूसरे पर वार कर दिया होगा। इससे उनकी मौत हो गई। सावित्री के सिर पर घाव कुल्हाड़ी के समान वार के है, हालांकि मौके पर किसी तरह का हथियार नहीं मिला। घटना के बाद एफएसएल टीम भी मौके पर पहुंची और सबूत जुटाए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पड़ोसी बालिका के साथ बुजुर्ग ने की छेड़छाड़

### आरोपी को 5 साल का कठोर कारावास

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** 9 साल की मासूम के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को इंदौर कोर्ट ने पॉक्सो एक्ट के तहत 5 साल की सजा सुनाई है। आरोपी का नाम कमलेश विश्वकर्मा है, जो ऑटो चालक है। घटना 20 सितम्बर 2023 की है। घर में उसका 9 और 3 वर्षीय पोता-पोती खेल रहे थे। तभी पास में ही रहने वाली 9 साल की बालिका उनके साथ खेलने आई। इस दौरान कमलेश ने उससे चाकलेट खिलाने की बात कही तो उसने मना कर दिया। इस पर उसने उसे 10 रु. दिए और उसके साथ घिनौनी हरकतें करने लगा।

इसी बीच कमलेश का पोता आया तो उसने बालिका को छोड़ दिया। बालिका रोते हुए घर गई और सारा घटनाक्रम बताया। बालिका ने मां को कमलेश के बारे में बताया कि उसने घिनौने तरीके से उसके प्राइवेट पार्ट को छुआ था। 22 सितंबर 2023 को उसकी मां ने पति को जानकारी दी और वे बालिका को लेकर थाने पहुंचे। यहां बालिका ने पूरा घटनाक्रम सुनाया तो पुलिस ने कमलेश के खिलाफ धारा 354, 376 एबी, भादवि और 9एम/10, 5एम /6 पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज किया। इसके साथ ही मजबूत साक्ष्यों के साथ कोर्ट में चालान पेश किया। करीब दो साल तक कोर्ट में सुनवाई चली। बालिका के परिजन, आरोपी के पोता-पोती के बयान हुए। अभियोजन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक सुशीला राठौर ने की। उन्होंने बताया कि बालिका ने कोर्ट में मजबूती से सारा घटनाक्रम बताया। इसके साथ ही परिजन के बयान भी अहम रहे। 22 जुलाई को कोर्ट ने आरोपी कमलेश को पाक्सो एक्ट में दोषी पाते हुए 5 साल के कठोर कारावास से दंडित किया।

### दो मिनट बचाने रेड लाइट जंप करते हैं डिलीवरी वाले

**इंदौर।** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कई बिंदुओं पर बात की। ऑनलाइन खाने-पीने का सामान सप्लाय करने वालों को लेकर कहा कि सबसे ज्यादा रेड सिग्नल जंप डिलीवरी वाले ही करते हैं। दो मिनट बचाने रेड लाइट जंप करते हैं और कुछ नहीं होता। ये हमारे घरों तक पहुंच रखते हैं, लेकिन इनके पुलिस सत्यापन की व्यवस्था नहीं है। कभी इनका आपराधिक रिकॉर्ड नहीं जांचा। इस बारे में नीति बनानी चाहिए।

ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक
सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें
"एक सलाहकार और शुभचिंतक"
आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।
- कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -
*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*
*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*
*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*
*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*
*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*
इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।
कृपया अपनी जिज्ञासा/सलाह हेतु संपर्क करे।
Email - babapandit.in@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक